# दुल्हा बने हैं भोलेनाथ जोड़ी का जवाब नहीं

दूल्हा बने हैं भोलेनाथ

दूल्हा, बने हैं, भोलेनाथ,
जोड़ी का, जवाब नहीं ॥
जोड़ी का, जवाब नहीं, ॥
दूल्हा, बने हैं, भोलेनाथ...

गौरां, मेरी, महलों वाली ॥
पर्वत पे, वस्ते, भोलेनाथ,
जोड़ी का, जवाब नहीं ।
दूल्हा, बने हैं, भोलेनाथ...

गौरां, मेरी, गोरी गोरी ॥
श्याम, वर्ण, भोलेनाथ,
जोड़ी का, जवाब नहीं ।
दूल्हा, बने हैं, भोलेनाथ...

गौरां, खावे, लड्डू पेड़ा ॥
भांग, पीवे, भांग, भोलेनाथ,
जोड़ी का, जवाब नहीं ।
दूल्हा, बने हैं, भोलेनाथ...

गौरां, ओढे, लाल चुनरिया ॥
बाघंबर, ओढ़े, भोले नाथ,
जोड़ी का, जवाब नहीं ।
दूल्हा, बने हैं, भोलेनाथ...

गौरां, करती, सोलह श्रृंगार ॥
भोले के, गले में, सरप हार,
जोड़ी का, जवाब नहीं ।
दूल्हा, बने हैं, भोलेनाथ...

गौरां, पहने, बजनी पयलिया ॥
घुंघरू, पहने हैं, भोले नाथ,
जोड़ी का, जवाब नहीं ।
दूल्हा, बने हैं, भोलेनाथ...

गौरां, के दर बाजे, ढोल छैने ॥
डमरु, बजावे, भोले नाथ,
जोड़ी का, जवाब नहीं ।
दूल्हा, बने हैं, भोलेनाथ...

गौरां, मेरी, डोली में बैठीं ॥
नंदी, पे बैठे, भोलेनाथ,
जोड़ी का, जवाब नहीं।
दूल्हा, बने हैं, भोलेनाथ...

हर हर महादेव!

अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34410/title/dulha-bane-hain-bholenath-jodi-ka-jawab-nahi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |